राजधानी लखनऊ के प्रेरणा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित

युवा आगे बढ़ना चाहता है, उसे अवसर और आधुनिक संसाधन चाहिए : योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रविवार को लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 25 लाख टैबलेट वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव जनपदों के 53 हजार से अधिक छात्र—छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया।

इस अवसर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से दुनिया में आगे बढ़ना चाहता है। उसे केवल अवसर और आधुनिक संसाधन चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तर प्रदेश में युवाओं के भविष्य की चिंता करने के बजाय उन्हें जाति, क्षेत्र और परिवारवाद की राजनीति में उलझाए रखा। उनकी प्रतिभा को तकनीक का साथ देने की कोई ठोस पहल नहीं हुई। हमने स्वामी विवेकानन्द के नाम पर यह अभियान अटल जयंती 25 दिसम्बर 2021 के दिन प्रारम्भ किया था। इस योजना के तहत



प्रथम चरण में 60 लाख छात्र — छात्राओं को टेबलेट वितरित हो चुके हैं। इसी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए आज लखनऊ से 25 लाख अतिरिक्त टैबलेट के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है।

योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों से कहा कि लैपटाप का उपयोग पढ़ने और देश दुनिया को जानने में लगायें। हमारी सरकार का प्रयास है कि संसाधनों का अभाव किसी युवा की प्रतिभा के आड़े न आए और उत्तर प्रदेश का हर नौजवान अपनी मेहनत से सफलता की नई कहानी लिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसके मन में एक जज्बा व संकल्प होता है वही युवा होता है। भारत का ज्ञान युवाओं के ज्ञान व पराक्रम से भरा पड़ा है। आपके अंदर बजरंग बली की ताकत है। योगी ने कहा कि युवाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराने की आवश्यकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा राष्ट्र है। भारत में उत्तर प्रदेश सबसे युवा प्रदेश है। युवा शक्ति पर विश्वास और युवा शक्ति का परिणाम है जो उत्तर प्रदेश में परिणाम देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, विधायक डा.नीरज बोरा, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, विधायक ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कानपुर से दिल्ली के लिए रोजाना दौड़ेगी नई सुपरफास्ट ट्रेन : अवस्थी

कानपुर । कानपुर से दिल्ली के बीच रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए एक नई नियमित सुपरफास्ट ट्रेन शुरू होने जा रही है। इससे यात्रियों को आनंद विहार तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी। ट्रेन का शुभारंभ 16 नवंबर को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को प्रेसवार्ता में सांसद रमेश अवस्थी ने दी है।

सांसद ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में वह स्वयं मौजूद रहेंगे। उन्होंने कानपुरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नई ट्रेन शुरू होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर नौकरी, कारोबार और अन्य जरूरी कामों से नियमित रूप से दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस ट्रेन के संचालन से यात्रियों को यात्रा के लिए एक और विकल्प उपलब्ध होगा।

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को पुष्प भेंटकर किया जागरूक

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया : उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में यातायात माह के अंतर्गत रविवार को समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से सुभाष चौक पर यातायात जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में आयोजित अभियान में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को पुष्प भेंटकर नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने यातायात प्रभारी देवेंद्र कुमार और यातायात निरीक्षक रामस्वरूप का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यातायात प्रभारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात सुरक्षा माह मनाया जाता है।

यातायात निरीक्षक रामस्वरूप ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि थोड़ी सी जल्दबाजी और लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें, कानों में ईयरफोन न लगाएं, गति नियंत्रित रखें और शराब पीकर वाहन न चलाएं।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों को पुष्प भेंटकर जागरूक किया गया। वहीं, यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सड़क से गुजर रहे सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को भी यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर तेज बहादुर वर्मा, डॉ. शिवकुमार सोनी, शिखर बिश्नोई (लव), एलएन गुप्ता, संजय अग्रवाल, राम आसरे गुप्ता, हरिओम तिवारी, अरविंद यादव, विमलेश दुबे, रामचंद्र सोनी, कुलदीप बाजपेई और दीपक मिश्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

प्रयागराज में होने वाली इंदिरा मैराथन में पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 नवंबर

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में 19 नवंबर को 41वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश और प्रदेश के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय धावक प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की फुल मैराथन (42.195 किमी.) और हाफ मैराथन (21.097 किमी.) दौड़ होगी। इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण कराने में एक दिन शेष बचा है, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 17 नवंबर हैं। मुरादाबाद जनपद के क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय प्रयागराज और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित मैराथन की शुरुआत ऐतिहासिक स्थल आनंद भवन से सुबह 6:30 बजे होगी।

डाला छठ और लोटा-भंटा मेले को लेकर गोमती जोन पुलिस अलर्ट, एडीसीपी ने वरुणा घाट का किया निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : लोक आस्था के महापर्व डाला छठ और आगामी लोटा-भंटा मेले (29 नवम्बर) को लेकर गोमती जोन पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। छठ महापर्व के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की सुरक्षा तथा आगामी मेले में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त, गोमती जोन नृपेन्द्र सिंह ने शनिवार शाम अधिकारियों के साथ थाना जंसा क्षेत्र स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर, वरुणा नदी के घाटों एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, श्रद्धालुओं के आवागमन और सुरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसीपी ने घाटों एवं मेला स्थल पर जरूरत के अनुसार बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गहरे पानी वाले स्थानों पर विशेष बैरिकेडिंग कराने, गोताखोरों एवं वालंटियर्स की तैनाती तथा घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो स्क्वॉड और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

वहीं, आगामी लोटा-भंटा मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए एडीसीपी ने मेला स्थल और आसपास के मार्गों पर भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने थाना जंसा के साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही से प्रभावित होने वाले थाना बड़ागांव क्षेत्र में भी कानून-व्यवस्था और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

सीतापुर सड़क हादसे में भाई और दो बहनों की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में तंबौर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर गिरे तीनों लोगों पर ईंटों से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। इस दर्दनाक हादसे में मोटर साइकिल सवार दो बहनें और एक भाई की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

क्षेत्राधिकारी लहरपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि देवपालपुर गांव निवासी यशपाल (21), गायत्री (19) और पूजा (19) हरियाणा में रहकर नौकरी करते थे। रविवार सुबह भाई-बहन गांव आये थे। गांव के दो लोग अलग-अलग मोटर साइकिल से उन्हें लेने के लिए पहुंचे थे। एक बाइक पर यशपाल अपनी दोनों बहनों को बैठाकर घर जा रहा था। लहरपुर-तंबौर मार्ग पर रिहार पेट्रोल पंप के निकट कोहरे के कारण तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिर गए। इसके बाद ईंटों से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के समय बाइक सवार यशपाल और दोनों बहनों ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके चलते तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

बलिया में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, चार दोस्तों की मौत

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बलिया : उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में नगरा थाना क्षेत्र स्थित नेछुआडीह के पास शनिवार की रात एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार आईआईएम में असिस्टेंट मैनेजर व एक प्राइवेट शिक्षक समेत चार दोस्तों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व आसपास के लोगों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसपी ई राजा ने रविवार सुबह घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 14 नवम्बर की रात लगभग साढ़े नौ बजे गोलू ठाकुर (21), कुनाल पासवान (24) , धनंजय पटेल (26) (समस्त निवासी गौआपार, थाना नगरा, बलिया) व अभिषेक पटेल (27) पुत्र प्रमोद पटेल निवासी जमुआव बलिया नगरा बाजार से वोक्स वैगन कार से लौट रहे थे। नगरा-बेल्थरारोड मार्ग पर निछुआडीह के पास उनकी बेकाबू कार एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आस-पास के लोग धमाके जैसा महसूस किये और मौके पर पहुंच गये। सभी को कार से निकालकर सीएचसी नगरा



पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अभिषेक और कुणाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल गोलू और धनंजय को मऊ के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में शामिल अभिषेक आईआईएम उत्तराखंड में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात थे। छह महीने पहले उनकी शादी हुई थी। वहीं, कुणाल आइटीआई की पढ़ाई पूरी कर नौकरी की तैयारी कर रहा था। धनंजय प्राइवेट शिक्षक की नौकरी करते हुए सरकारी शिक्षक भर्ती की तैयारी में जुटा था। गोलू ठाकुर भी नौकरी की तलाश में था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लोक आस्था के महापर्व छठ पर श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं होने देंगे : सौरभ

वाराणसी । वाराणसी में रविवार को कैंट विधानसभा से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गंगा नदी के किनारे घाटों की साफ सफाई का निरीक्षण करने दौरान कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देंगे। छठ मैया की भक्ति के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

कैंट विधानसभा से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि छठी मैया की कृपा बनी रहे। छठ पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए स्टीमर से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । साथ ही, घाटों पर पैदल भ्रमण कर छठ पूजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। नगर निगम के जोनल अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ प्रत्येक घाट का स्थलीय निरीक्षण कर शेष कमियों को तत्काल दूर करने को कहा गया है।

आपका राशिफल 16 नवम्बर

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 4 6 8

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ रे गो

अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

मकर भे जा जी खी शू शे शो गा गी

जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

कुंभ गू गे गो सा शी शू से सो दा

कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक 2 4 6

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

उत्तराखंड के राज्यपाल से सौजन्य भेंट...



राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन से रविवार को लोक भवन में कृषि, उद्यान एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के विकास, किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने तथा सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

पांच जिलों में वर्षा और बर्फबारी की संभावना

नईदुनिया राज्य ब्यूरो, देहरादून: उत्तराखंड में रविवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली। प्रदेश के नौ जिलों में वर्षा हुई, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई।

मसूरी में ओलावृष्टि से ठंड बढ़ गई। केदारनाथ, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी में बर्फबारी हुई। माणा गांव में भी हिमपात हुआ। रविवार सुबह अल्मोड़ा, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी और चमोली जिलों में वर्षा हुई। पिथौरागढ़ के धारचूला और मुनस्यारी की ऊंची चोटियों पर बर्फ गिरी। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम में भी हल्का हिमपात हुआ।

मौसम में आए बदलाव के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब में तापमान शून्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं, बागेश्वर, देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में सुबह से बादल छाए रहे।

मौसम विभाग ने रविवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में वर्षा की संभावना जताई। इन जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं।

ट्रक ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर, चार जवान घायल

हरिद्वार: हरिद्वार जिले के लक्सर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने डायल 112 की पुलिस गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश बिष्ट समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। राजेश बिष्ट के पैर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया। दुर्घटना बालावाली तिराहे पर रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच हुई। पुलिस की स्कॉर्पियो सड़क किनारे ड्यूटी पर खड़ी थी। इसी दौरान पुरकाजी से लक्सर होते हुए रायसी जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में किया छठ घाट का लोकार्पण

नईदुनिया राज्य ब्यूरो, देहरादून: उत्तराखंड में रविवार को छठ महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चार दिवसीय पर्व के तीसरे दिन देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और खटीमा सहित विभिन्न शहरों में श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

सुबह से ही घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई थीं। शाम होते ही व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। पूर्वांचल समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ छठी मैया और सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की।

खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी छठ महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सौंदर्यीकरण किए गए छठ घाट का लोकार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने व्रती महिलाओं के साथ पूजा-अर्चना की और पूर्वांचल समाज के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। यहां पूर्वांचल सेवा समिति की ओर से छठ महोत्सव का आयोजन किया गया था।

ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर भी छठ पूजा को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। उत्तर प्रदेश,



उत्तराखंड और बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पूजा की और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

हरिद्वार की हरकी पैड़ी पर भी बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और श्रद्धालु पहुंचे।

वहीं, देहरादून के नेहरू ग्राम और चंद्रबनी क्षेत्र में भी छठ पूजा के आयोजन हुए। बिहारी महासभा ने चंद्रबनी में पारंपरिक तरीके से पर्व मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और राजेश शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि छठ पर्व के आयोजनों में शामिल हुए। ऋषिकेश की पूर्व महापौर अनिता ममगाईं ने भी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

छठ महापर्व के आयोजन में पूर्वांचल समाज की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। घाटों पर पूजा-अर्चना और पारंपरिक अनुष्ठानों के माध्यम से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक दिखाई दी।

चुनाव तैयारी में जुटी भाजपा, हारी हुई 23 सीटों पर फोकस

बीएल संतोष और मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी में चुनावी रणनीति पर मंथन, 21-22 नवंबर को हरिद्वार में फिर होगी बैठक

नईदुनिया राज्य ब्यूरो, देहरादून: उत्तराखंड में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को देहरादून स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष की मौजूदगी में करीब सवा दो घंटे तक चुनावी रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठक में विशेष रूप से उन 23 विधानसभा सीटों पर चर्चा की गई, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इन



क्षेत्रों में संगठन की ओर से अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी चुनाव को देखते हुए जनता के बीच पहुंचने और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार किया गया।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा में लाखों कार्यकर्ता संगठन के लिए काम करते हैं। समय-समय पर पूरी टीम बैठकर पार्टी के कार्यक्रमों और आगामी गतिविधियों पर चर्चा करती है। आने वाले दिनों में चुनाव होने हैं, इसलिए इसी संदर्भ में बैठक आयोजित की गई थी।

प्रदेश महामंत्री दीप्ति भारद्वाज ने कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

पार्टी का प्रयास है कि संगठन के कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि 21 और 22 नवंबर को हरिद्वार में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी।

इसमें पार्टी के सातों मोर्चों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल होंगे। दोनों दिन संगठन के मुख्य समूह की बैठक भी होगी।

रविवार की बैठक में प्रदेश प्रभारी राम माधव, सहप्रभारी अरविंद मेनन, बांसुरी स्वराज और प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक से पहले बीएल संतोष ने भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर प्रदेश कार्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उन्हें नमन किया।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी।